नवभारत टाइम्स

जी-20 श्रम मंत्रियों की बैठक में मोदी सरकार की नीतियों की सराहना

भाषा | May 21, 2017, 09.00 PM IST

हैदराबाद, 21 मई :: केंद्रीय मंत्री बंडारू दत्तात्रेय ने आज कहा कि केंद्र में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय कामकाजी लोगों को रोजगार सुरक्षा, सामाजिक और मजदूरी की सुरक्षा उपलब्ध कराने के सिद्धांता के साथ आगे बढ़ रहा है।

श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में बाल श्रम का उन्मूलन, प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना, संगठित क्षेत्र में काम करने वाले महिला कर्मचारियों के लिये मातृत्व अवकाश बढ़ाकर 26 सप्ताह किया जाना शामिल हैं।

जर्मनी के बाड न्यूनार में 18-19 मई को जी-20 श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक में भाग लेने वाले दत्तात्रेय ने कहा कि बैठक में नरेंद्र मोदी सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की नीतियों की सराहना की गयी। उन्होंने कहा, श्रम मंत्रालय ने कई कार्यक्रम शुरू किये जो जी-20 सदस्य देशों के लिये दिशानिर्देश बना है। उनकी ब्रिटेन, अर्जेन्टीना, रूस, सउदी अरब के श्रम मंत्रियों के साथ असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों तथा उनकी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता हुई।

दत्तात्रेय ने कहा कि उनकी जर्मनी के श्रम मंत्री के साथ भी बातचीत हुई।

उन्होंने कहा कि कुछ देश भारत में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में निवेश के बारे में जाने को उत्सुक हैं।